समाचार

15 अगस्त को साकेत में ध्वजारोहण करेंगी महापौर

कोरबा – स्वाधीनता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में ध्वजारोहण करेंगी। इस मौके पर निगम के जनप्रतिनिधिगण व अधिकारी कर्मचारी अपनी उपस्थिति देंगे।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत परिसर में स्वाधीनता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। निगम के अनुभाग अधिकारी श्री गिरीश साहू ने बताया कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में साकेत में ध्वजारोहण करेंगी, उन्होने बताया कि ध्वजारोहण का कार्यक्रम प्रातः 7.30 बजे रखा गया है। साकेत भवन में आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर, आयुक्त श्री आलोक चन्द्रवंशी, सहित निगम के मेयर इन काउंसिल सदस्य, पार्षदगण, एल्डरमेनगण के साथ–साथ निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।